भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1953

(जिसका उत्तर मंगलवार, 15 मार्च, 2016 को दिया गया)

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में रिक्तियां

1953. डा. चंदन मित्रा :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में आधे से अधिक पद रिक्त हैं;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न पदों की संस्वीकृत संख्या की तुलना में वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इतनी बड़ी संख्या में पद रिक्त रहने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में जनशक्ति की कमी की समस्या का समाधान करने हेतु कौन-कौन से नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरूण जेटली)**

(क) से (ग): जी, नहीं। महानिदेशक, सीसीआई के कार्यालय सहित भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की कुल संस्वीकृत स्टाफ संख्या 197 है। वर्तमान में सीसीआई में पदस्थापित कर्मचारियों की संख्या 125 है और 72 पद रिक्त हैं। ये रिक्तियां विभिन्न पदों के लिए भर्ती नियमों में निर्धारित पात्रता मानकों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण हैं। रिक्त पदों को भरने के लिए सीसीआई ने विभिन्न स्तरों पर 65 पदों को भरने हेतु विज्ञापन जारी किया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सहायता हेतु अर्थशास्त्र, कानून और वित्तीय विश्लेषण के क्षेत्रों में 38 विशेषज्ञों/अनुसंधान एसोसिएट की सेवाएं भी ली हैं।

*****